प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईसीएआर के शताब्दी समारोह का किया उद्घाटन, कहा– वैज्ञानिकों के महत्वपूर्ण योगदान के कारण देश में उन्न्त खेती को मिला बढ़ावा।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– वर्ष 2026 तक देश से नक्सलवाद का समूल नाश कर दिया जाएगा।
- गिरिडीह में उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में आज एक युवक की मौत, आधा दर्जन अभ्यर्थी बेहोश।
- फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के सत्र 2024–25 का चुनाव कल, 22 को आएगा रिजल्ट।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज रांची के नामकुम में आईसीएआर के शताब्दी समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान के वैज्ञानिकों के महत्वपूर्ण योगदान के कारण देश में उन्नत खेती को बढ़ावा मिला है। उन्होंने वैज्ञानिकों से राज्य की महिलाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षित करने की भी अपील की।
वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसानों के विकास के लिए बेहतर नीति निर्धारण करने पर बल दिया
इधर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि लाख की खेती से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में काफी सहयोग मिला–
इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के साथ बड़ी संख्या में महिला किसान उपस्थित रहीं।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद की विचारधारा और नक्सलवाद को समूल नष्ट करने का निर्णय लिया है। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा से पीड़ित लगभग 55 लोगों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र बस्तर के चार जिलों को छोड़कर पूरे देश में नक्सलवाद समाप्त करने में सफल रहा है।

****

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज झारखंड दौरे पर हैं। गृहमंत्री राज्य के दो स्थानों पर परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। उनकी परिवर्तन सभा भी साहिबगंज के पुलिस लाइन मैदान पर होनी है। इसका समय दोपहर डेढ़ बजे रखा गया है। भाजपा नेता श्री शाह की दूसरी जनसभा गिरिडीह के झारखंड धाम में दोपहर साढ़े तीन बजे से तय है।

****

भाजपा की प्रमंडल स्तरीय परिवर्तन यात्रा कल से इटखोरी के भद्रकाली मंदिर से प्रारंभ होगी। इसमें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। भाजपा के वरीय नेता मृत्युंजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

****

धनबाद के मैथन और पंचेत डैम से पानी छोड़े जाने की वजह से बंगाल में उत्पन्न हुई बाढ़ की स्थिति के बाद कल रात बंगाल सरकार ने तीन दिनों के लिए डिबूडीह चेक पोस्ट को सील कर मालवाहक वाहनों के बंगाल में प्रवेश पर रोक लगा दी। निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार ने बताया कि छोटी गाड़ियों को जाने की अनुमति है। दूसरी ओर डीवीसी ने बताया कि 80,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है इससे दक्षिण बंगाल के हावड़ा और हुगली में स्थिति और बिगड़ सकती है।

****

गिरिडीह में उत्पाद विभाग सिपाही बहाली की दौड़ के दौरान राजधनवार के रहने वाले विरंची रॉय की आज मौत हो गई है। दौड़ के दौरान तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उसे अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही दौड़ में शामिल 6 अन्य अभ्यार्थियों की तबियत बिगड़ गई है। जिन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है अभ्यर्थियों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। भाजपा नेता विनय सिंह ने पूरे मामले की जांच की मांग की है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए चतरा जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि इन केंद्रों पर 5 हजार 147 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय में 12 केंद्र और 2 परीक्षा केंद्र प्रखंड मुख्यालयों में बनाए गए हैं। बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

****

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के सत्र 2024–25 का चुनाव कल रांची स्थित गुरुनानक स्कूल के हॉल में होगा। चुनाव पदाधिकारियों ने बताया कि कल चैंबर भवन में चैंबर की 60वीं वार्षिक आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी उपस्थिति रहेंगी। मतदान के बाद रात्रि तक मतगणना और रिजल्ट की घोषणा रविवार को ही की जाएगी।

****

जमशेदपुर के निजी स्कूलों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

****